an>

Title: Need to take suitable measure to make river Rohini originating from Nepal and flowing into Uttar Pradesh pollution-free.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) ः जनपद गोरखपुर के अन्दर नेपाल से महाराजगंज होते हुए एक सदानीरा नदी रोहिनी आती है। यह कुछ समय पूर्व तक जनपद महाराजगंज-गोरखपुर की अत्यन्त साफ एवं पवित्र नदी थी। सैकड़ों गांव इसी के तट पर बसे हैं तथा इस नदी के पवित्र जल का सेवन भी करते हैं। पशुधन के साथ-साथ खेतीबाड़ी में भी इस नदी की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से नेपाल के जनपद नवलपरासी में सोनवल चीनी मिल तथा अन्य उद्योगों का कचरा इस नदी में डालने के कारण रोहिनी नदी पूरी तरह प्रदूषित हो गई है। जलीय जीव मर रहे हैं। भीषण जल प्रदूषण से बदबू है। यह रोहिनी नदी गोरखपुर महानगर के डोमिनगढ़ के पास राप्ती नदी में मिल जाती है। इसके कारण राप्ती नदी भी प्रदूषित हो रही है। चूंकि इस नदी में प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाई तथा अन्य उद्योग नेपाल में स्थित है इसलिए स्थानीय प्रशासन इस सम्बन्ध में कुद नहीं कर पा रहा है।

भारत सरकार इसका संज्ञान ले और नेपाल के औद्योगिक कचरे के कारण महाराजगंज एवं गोरखपुर की पवित्र नदी रोहिनी को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए नेपाल से बातचीत करके आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें और नेपाल के प्रदूषित जल का कचरा भारत की किसी भी नदी में न आने पाए, यह सुनिश्चित किया जाए।